नौनिहालों ने लगायी मूल्यों की दौड़

आबू रोड, निसं। ब्रह्माकुमारीज़ संस्था के मुख्यालय के 36 वां अखिल भारतीय बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया गया। अवसर था स्कूल की इन छुट्टियों में बच्चों को कुछ नया सिखाने का और उन्हों संस्कारों की शिक्षा देने का। इन्हीं सब उद्देश्यों को लेकर ब्रह्माकुमारीज़ की ओर से हर वर्ष बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया जाता है। इस छः दिवसीय शिविर के अंतर्गत संस्था के तपोवन परिसर में खेलकूद स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसमें देश के कोने-कोने से आए हुए नौनिहलों ने बहुत ही उमंग-उत्साह से भाग लिया और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस स्पर्धा में मुख्य रूप से 100 मीटर की दौड़, तीन पैर की दौड़ और म्युजिकल चेयर का आयोजन किया गया।

इससे पूर्व संध्या पर संस्था के प्रकाशमणि पार्क में नौनिहालों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें उन्होंने हर प्रकार के भारतीय नृत्य शैली का जीवंत तस्वीर प्रस्तुत की।